卐 श्री सद्गुरु देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

ॐசரவணபவ卐 ॐசரவணபவ卐 ॐசரவணபவ卐 ॐசரவணபவ卐

♦वर्ष 26 ♦अंक 86 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦1 जनवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

UTTARANCHAL DARPAN


## बेकाबू थार पलटने से दो की मौत, एक गंभीर

### सड़क हादसे ने सितारगंज के युवाओं की ली जान, परिवार में मचा कोहराम

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा के समीप एक थार कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उसमें सवार तीन युवकों की जिंदगी खतरे में पड़ गई। घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक साथी को गंभीर हालत में रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान 18 वर्षीय युगनप्रीत सिंह पुत्र वीरेंद्र जीत सिंह निवासी साबेपुर, सितारगंज और 27 वर्षीय मो. सैफ पुत्र मो इशहाक निवासी भगौरी, सितारगंज के रूप में हुई है। गंभीर घायल युवक सोहेल अंसारी पुत्र सरफराज अंसारी हैं। मृतक युगनप्रीत और मो. सैफ सितारगंज में मोबाइल की दुकान में साझेदार थे। जानकारी के अनुसार बुधवार की मध्यरात्रि तीनों हल्द्वानी से अपने घर सितारगंज लौट रहे थे। रास्ते में थार कार अनियंत्रित होकर कई पलटी खाते हुए सड़क से नीचे उतर खेत में जाकर बिजली के पोल में जा घुसी। हादसे के बाद लोगों में अफरातफरी मच गई और सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने युगनप्रीत और मो. सैफ को मृत घोषित कर दिया। घायल सोहेल ने घटना की सूचना अपने परिजनों को दी, जो तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के

## सड़क हादसे में भाजपा नेता के बेटे की मौत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नववर्ष 2026 के स्वागत की खुशियाँ मातम में बदल गई, जब बुधवार देर रात पंतनगर क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके में हड़कंप मचा दिया। जानकारी के अनुसार, भाजपा नेता के बेटे सहित चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की विस्तृत जानकारी के अनुसार, बेनी पंतनगर निवासी 23 वर्षीय इरफान पुत्र निसार अहमद बुधवार की रात अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान नगला की ओर से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर 27 वर्षीय ट्विंकल पुत्र राजकुमार, बाबू और 28 वर्षीय सुभाष पुत्र वीरपाल सवार थे, जो सभी टीडीसी कॉलोनी, हल्दी के निवासी बताए जा रहे हैं। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोगों और सुरक्षा गार्डों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और घायलों को जिला अस्पताल रुद्रपुर पहुंचाया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान इरफान की मौत हो गई, जबकि अन्य तीन युवकों की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया गया है कि मृतक इरफान के पिता निसार अहमद भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला मंत्री हैं। इस घटना से परिवार में कोहराम मचा है। घटना के समय इलाके (शेष पृष्ठ सात पर)

## रोडवेज में लगी आग से मची अफरा तफरी

देहरादून(उद संवाददाता)। जिले के डोईवाला क्षेत्र के लालतप्पड़ के पास सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक चलती रोडवेज बस में अचानक आग लग गई। बस में चालक समेत 15 यात्री सवार थे। यह बस उत्तराखंड के लोहाघाट से राजधानी देहरादून आ रही थी। घटना सुबह लगभग 4 बजे हुई। चालक और यात्री अचानक धधकती आग को देखकर हक्के-बक्के रह गए। बस में आग लगते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार का माहौल बन गया। गनीमत रही कि सभी यात्री समय रहते बस से बाहर निकल गए, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के लिए तुरंत कार्रवाई शुरू की। हालांकि, आग ने बहुत तेजी से फैलाव दिखाया और दमकल की टीम आग पर काबू पाने से पहले ही बस पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। पूर्व उप ग्राम प्रधान माजरी ग्रांट रामचंद्र (शेष पृष्ठ सात पर)



## एसबीआई अधिकारी बनकर 1.30 लाख ठगे

### क्रेडिट कार्ड कैंसिल कराने के बहाने ली बैंक डिटेल, दो ट्रांजेक्शन में खाते से रकम साफ

रुद्रपुर।साइबर अपराधियों द्वारा बैंक अधिकारी बनकर ऑनलाइन ठगी किए जाने का एक और मामला रुद्रपुर से सामने आया है। अज्ञात व्यक्ति ने स्वयं को भारतीय स्टेट बैंक का अधिकारी बताते हुए एक महिला से बैंक संबंधी गोपनीय जानकारियां हासिल कर उसके खाते से 1 लाख 30 हजार रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी कर ली। पीड़िता की तहरीर के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन कुमाऊँ रेंज, रुद्रपुर में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।जानकारी के अनुसार वार्ड संख्या 32, भूरारानी, रुद्रपुर निवासी जानकी वर्मा पत्नी विजय वर्मा के नाम से भारतीय स्टेट बैंक द्वारा 3 नवंबर 2025 को एक क्रेडिट कार्ड जारी किया गया था। 1 दिसंबर 2025 को उनके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को एसबीआई के हेड ऑफिस करोलबाग, दिल्ली का अधिकारी बताया और कहा कि उनका क्रेडिट कार्ड कैंसिल किया जाना है।झांसे में आकर पीड़िता ने बैंक अधिकारी समझते हुए अपना खाता नंबर, आईएफएससी कोड, एटीएम कार्ड नंबर और सीवीवी नंबर कॉल करने वाले को बता दिए। इसके कुछ ही समय बाद उन्हें पता चला कि उसी दिन उनके एसबीआई खाते (शेष पृष्ठ सात पर)

## मोबाइल हैक कर खाते से उड़ाए 62 हजार रुपये

रुद्रपुर। साइबर ठगी का एक गंभीर मामला कुमाऊँ परिक्षेत्र के रुद्रपुर से सामने आया है, जहां एक व्यक्ति के मोबाइल पर आए फर्जी लिंक के जरिए अज्ञात साइबर अपराधियों ने उसके बैंक खाते से 62 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हंस विहार, अमन इन्क्लेव, भुरारानी निवासी अमित चन्द राजा पुत्र स्वर्गीय गजेन्द्र बहादुर चन्द राजा के मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप के एक ग्रुप के माध्यम से त्ञ्ब बैंसंसद.ंचा नामक एप्लीकेशन का लिंक प्राप्त हुआ। लिंक को आधिकारिक समझकर जैसे ही पीड़ित ने उसे डाउनलोड किया, वैसे ही उसके मोबाइल फोन का पूरा नियंत्रण किसी अज्ञात व्यक्ति के हाथ में चला गया। पीड़ित को इस साइबर ठगी की भनक तब लगी, जब उसने अपने गूगल पे खाते की जांच की। खाते से (शेष पृष्ठ सात पर)

## देवभूमि में देर रात तक नये साल का जश्न

### पहाड़ों में उमड़ा उत्साह और उल्लास,पर्यटक की उमड़ी भीड़

देहरादून/मसूरी/नैनीताल/रामनगर/(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में नववर्ष 2026 का स्वागत धूमधाम और उत्साह के साथ हुआ। प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल मसूरी, नैनीताल, रामनगर, डोईवाला और आसपास के क्षेत्रों में देश-विदेश से आए हजारों पर्यटक ठंडी हवाओं के बीच नववर्ष का जश्न मनाने पहुंचे। मसूरी, जिसे 'पहाड़ों की रानी' कहा जाता है, इस दौरान रंग-बिरंगी रोशनी, सजावट और उत्साह के साथ जीवंत नजर आई। 31 दिसंबर की रात से लेकर नए साल के पहले दिन तक माल रोड, केम्पटी फॉल, गनहिल और लाइब्रेरी क्षेत्र में उमड़ी भीड़ ने शहर को गूंजते उत्साह से भर दिया। पर्यटकों ने नए साल पर प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि की कामना की और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। होटल, गेस्ट हाउस और होमस्टे लगभग भर गए, जबकि होटल और रेस्टोरेंट संचालकों ने विशेष पैकेज, लाइव म्यूजिक, डीजे नाइट और पारंपरिक पहाड़ी व्यंजनों की व्यवस्था की थी। मसूरी पुलिस ने भी नववर्ष को सुरक्षित बनाने के लिए विशेष तैयारी की। पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज असवाल के नेतृत्व में माल रोड सहित प्रमुख इलाकों में मार्च पास्ट किया गया। 3 इंस्पेक्टर, 26 सब-इंस्पेक्टर और 60 कांस्टेबल तैनात किए गए थे, जबकि पीएसी के दो बैटालियन भी सुरक्षा में लगे रहे। पुलिस ने हुड़दंग मचाने वालों और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों (शेष पृष्ठ सात पर)





## 'मजबूत इरादों' के साथ 'लक्ष्य' की ओर बढ़ते 'सीएम धामी'

### देशभर के लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं धामी सरकार के निर्णय एवं विकास कार्यक्रम

-अर्श-

देहरादून। गुजरा वर्ष सूबे के लिए कैलेंडर का केवल एक पन्ना भर नहीं था ,बल्कि राज्य की पुष्कर सिंह धामी सरकार के सशक्त प्रशासन, पारदर्शी फैसले ,कड़ी कार्यवाही एवं जन-जन से संवाद के बाद उत्तराखंड वासियों की अपेक्षा अनुरूप तेज विकास की एक अकल्पनीय गाथा लिखने के समान रहा। गुजरे वर्ष में मुख्यमंत्री धामी ने इस बात का प्रमाण पूरी तरह दे दिया कि जब नेतृत्व युवा हो ,सोच स्पष्ट हो और इरादे मजबूत हो ,तो किसी भी राज्य विकास का केवल सफर भर नहीं तय करता अपितु राज्य की विकास गाथा एक मिसाल बन जाती है। मसला चाहे कानून व्यवस्था हो, धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का हो,युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए योजनाएँ लाने का हो,अथवा राष्ट्रीय मंच पर उत्तराखंड की सशक्त पहचान का हो, हर मोर्चे पर मुख्यमंत्री धामी का नेतृत्व दृढ़, निर्णायक और परिणाम देने वाला रहा। हालांकि वर्ष 2025 में मुख्यमंत्री धामी को अपनी पार्टी के कुछ विघ्न संतोषी नेताओं से अपरोक्ष और विपक्षी दल कांग्रेस की ओर से परोक्ष चुनौती मिली पर उनके कदम तनिक भी नहीं डगमगाए। वे विकास की प्रतिबद्धता के साथ जनसेवा के पथ पर आगे बढ़ते गए और नगर निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जबरदस्त सफलता दिला कर, न केवल पार्टी में मौजूद अपने विरोधियों के मुंह पर ताला लगाने में सफल रहे ,बल्कि प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस को हासिए में धकेल कर



पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के चहेते मुख्यमंत्री का रुतबा हासिल करने में भी कामयाब रहे।साल 2025 में धामी सरकार के कई फैसलों ने राष्ट्रीय स्तर पर अच्छी खासी सुर्खियां बटोरी खासकर समान नागरिक संहिता और ऑपरेशन कालनेमि ने भारत भर के लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस वर्ष धामी सरकार के सफर की शुरुआत 27 जनवरी को समान नागरिक संहिता लागू करने से हुई, जिसके द्वारा उत्तराखंड ने देश के अन्य राज्यों को नागरिक कानूनों में समानता कायम करने का रास्ता दिखाने का काम किया। इसी साल उत्तराखंड का नाम खेल पटल पर भी स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हुआ।मुख्यमंत्री धामी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड ने इस साल 38वें राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन किया और 103 मेडल के साथ पदक तालिका में सातवां स्थान हासिल किया। दिसंबर 2023 में देहरादून में आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलन में आए निवेश प्रस्ताव को भी इसी साल धरातल पर उतारा गया। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में हुए 3।56 लाख करोड़ रुपए निवेश संबंधित एमओयू में से दिसंबर 2025 तक एक लाख करोड़ रुपए की ग्राउंडिंग हो चुकी है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2025 में राज्य सरकार ने मिलेट मिशन, कीवी नीति और ड्रैगन फ्रूट खेती योजना के जरिए किसानों की आय बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास भी किए हैं ।साथ ही मिलेट्स मिशन के तहत राज्य सरकार ने 2030-31 तक 11 पर्वतीय जिलों के लिए कुल 134।89 करोड़ रुपये की कार्य योजना पर मुहर लगाई है।वर्ष 2025 में ही धामी सरकार अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक भी लेकर आई है। इसके अंतर्गत सभी अल्प संख्यक समुदायों की ओर से संचालित शिक्षण संस्थानों के लिए एक प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। उक्त प्राधिकरण अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों को मान्यता प्रदान करेगा, इसके बाद प्रदेश में पंजीकृत सभी मदरसा, उत्तराखंड (शेष पृष्ठ 7 पर)

# शिविर में एक छत के नीचे मिला जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ





जसपुर (उद संवाददाता)। सरकार द्वारा संचालित जन जन की सरकार, जन जन के द्वार कार्यक्रम के तहत विकास खण्ड जसपुर के राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतपुर में वृहद बहुउददेशीय शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में न्यायपंचायत भरतपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायतो के साथ ही अन्य आमजनता द्वारा 2279 प्रतिभाग किया गया जो जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभाविन्त हुए।शिविर का शुभारम्भ क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान, ब्लॉक प्रमुख अनूप कौर, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू एवं मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी द्वारा किया गया। बहुउददेशीय शिविर में 23 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनता को लाभान्वित किया गया। शिविर में 2279 ने प्रतिभाग किया तथा 267 विभिन्न तरह की शिकायते आदि तरह के प्रमाण पत्र बनाने की सस्याएं आयी जिनमे से आधे से अधिक शिकायतों का मौके पर ही निस्तरण किया गया।दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू ने कहा कि सरकार का उददेश्य है कि जो जनकल्याणकारी योजनायें संचालित है उन योजनाओं का लाभ शिविरों के माध्यम से सीधे आम नागरिकों तक पहुचे तथा उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो। उन्होने कहा माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जन जन की सरकार, जन जन के द्वार अभियान के अंतर्गत गावों मे बहुद्देशीय शिवरों का आयोजन किया जा रहा है ताकि जनता को उनके गांवों में ही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके व उनकी समस्याओं का समाधान हो सके इसके लिए जनता को अधिकारियों के कार्यालयों में ना जाना पड़े।क्षेत्रीय विधायक अदेश सिं चौहान ने कहा कि सरकार का मुख्य उददेश्य है कि जो भी जनकल्याणकारी योजनायें संचालित है उन योजनाओं का लाभ शिविरों के माध्यम से सीधे आम नागरिकों तक पहुचे तथा उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जन समस्याओं का त्वरित निदान व सभी पात्र व्यक्तियों को जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए सभी अधिकारी नियमित व शीघ्रता से जन समस्याओं का निराकरण करें। उन्होने कहा कि जन जन की सरकार-जन जन के द्वार शिविर में जो भी समस्याए उठाई गई है, उनको गम्भीरता से लेते हुए समय सीमा के भीतर निस्तारित करना सुनिश्चित करें तथा शिविरो में पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु फार्म भरवाये व सभी औपचारिकतायें पूर्ण कराये ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से बंचित न रहे। उन्होने जनता से शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील भी की साथ ही उन्होने सभी अधिकारियो को योजनाओं व लगाये जाने वाले शिविरो का प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि समस्या जिस स्तर की है उसी स्तर पर समाधान करना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।शिविर में जनता ने सिंचाई, जलभराव, श्रम कार्ड,जलजीवन मिशन के तहत पानी नही आने की शिकायत की। जिस पर विधायक ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिये।इसके साथ ही शिविर में विद्युत, सिचाई,पूर्ति, श्रम,समाज कल्याण, स्वास्थ्य, उद्योग, पशुपालन,मत्स्य, डेयरी, कौशल विकास, ग्राम्य विकास, राजस्व,आदि विभागों की समस्यायें आई जिनका मौके पर समाधान किया गया। शिविर में बाल विकास द्वारा 05 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई एवं 10 महिलाओं महालक्ष्मी किट वितरित की गई तथा 204 विभिन्न प्रकार के फार्म भरवाये गये व 2279 लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभन्वित किया गया।शिविर में पूर्व विधायक शैलेन्द्र मोहन सिंघल, सांसद प्रतिनिधि शीतल जोशी, जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग,प्रधान अंकुर कुमार, हरिओम, उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार पंकज चंदौला, परियोजना अधिकारी उरेड़ा संदीप सैनी, जिला पंचायतराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, खण्ड विकास अधिकार कमलेश कुमार काण्डपाल, समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोवेजन अधिकारी के साथ ही अन्य विभागीय अधिकारी,क्षेत्रीय ग्राम वासी एवं बडी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

## जनता इण्टर कॉलेज में हुआ स्वेटर वितरण कार्यक्रम



रुद्रपुर। जनता इण्टर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में स्वेटर वितरण कार्यकम आयोजित किया गया। जिसमें शहर के प्रतिष्ठित समाज सेवी विजय अग्रवाल तथा अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती सुषमा अग्रवाल, महामंत्री श्रीमती प्रिया गर्ग, प्रदीप अग्रवाल, महेश छाबड़ा, हरवीर चौधरी के द्वारा विद्यालय के निधन छात्र-छत्राओं को 50 स्वेटर वितरित किये गये। स्वेटर वितरण कार्यक्रम के अवसर पर समाजसेवी श्रीमती सुषमा अग्रवाल ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों को नैतिक मूल्यों एवं आदर्शो पर चलते हुए देश सेवा एवं समाज सेवा करने का संकल्प लेना चाहिए तथा अच्छी शिक्षा ग्रहण करके अपने विद्यालय और परिवार का नाम रोशन करना चाहिए। इस अवसर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा0 सतीश अरोरा ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सुषमा अग्रवाल एवं समस्त अतिथिगणों का धन्यवाद करते हुए कहा कि समाज सेवा करना ही मानव का सबसे बड़ा धर्म है। इस अवसर पर समाजसेवी सौम्या अग्रवाल, सपना मित्तल, सलोनी अग्रवाल, मनोज गर्ग, पंकज मित्तल, प्रदीप अग्रवाल, महेश छाबड़ा, हरवीर चौधरी, लक्ष्मी, अंजू अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, नीतू गोयल, स्वरा अग्रवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व जिला समन्वयक मनोज जौहरी, कार्यक्रम अधिकारी पंकज कुमार, हेमचन्द्र पंत और समस्त अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन वीरेन्द्र जोशी ने किया।

## भाकपा माले ने पार्वती कोरंगा को दी श्रद्धांजलि



बिंदुखत्ता। भाकपा माले की सक्रिय सदस्य रही कॉमरेड पार्वती कोरंगा की याद में उनके आवास पुराना खत्ता, बिंदुखत्ता, जिला नैनीताल में स्मृति सभा आयोजित की गई। पार्वती कोरंगा का निधन 22 दिसंबर 2025 को हुआ था। स्मृति सभा की शुरुआत उन्हें एक मिनट के मौन श्रद्धांजलि अर्पित करने से की गई। स्मृति सभा में वक्ताओं ने कहा कि पार्वती कोरंगा जनता और पार्टी द्वारा चलाए गए सभी आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी करती थीं, खासतौर पर बिंदुखत्ता में चले जनसंघर्ष में उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा। वे किसान महासभा के आवारा गोवंश की समस्या के समाधान के लिए चलाए गए हालिया आंदोलन में भी सक्रिय रहीं। वक्ताओं ने कहा कि उनके जैसी संघर्षशील महिलाओं के कारण ही आज बिंदुखत्ता का अस्तित्व मजबूत है। उनकी यादें और उनके संघर्ष हमेशा पार्टी और समाज में जीवित रहेंगे। स्मृति सभा में पार्वती कोरंगा के परिजनों के साथ भाकपा माले के जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडेय, विमला रौथाण, पुष्कर दुबड़िया, किशन बघरी, आनंद सिंह सिजवाली, नैन सिंह कोरंगा, गोविंद जीना, चंदन राम, धीरज कुमार, निर्मला शाही, प्रभात पाल, कमल जोशी, एडवोकेट एस.डी. जोशी, अंबा दत्त बसखेती, आनंद दानू, किशन जग्गी, चंचल सिंह, देवेंद्र सहित बड़ी संख्या में पार्टी सदस्य और अन्य लोग उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड को मिली उदयपुरी बकरी की नई स्वदेशी नस्ल



पंतनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के लिए पशुपालन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। पंतनगर विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विभाग के वैज्ञानिकों की टीम ने उदयपुरी बकरी को उत्तराखंड की विशिष्ट नस्ल के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिला दी है। आईसीएआर-राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, करनाल ने उदयपुरी बकरी को देश की 43वीं पंजीकृत बकरी नस्ल के रूप में मान्यता प्रदान की है।वैज्ञानिकों की टीम लंबे समय से इस नस्ल के प्रजनन क्षेत्र में विस्तृत आधारभूत सर्वेक्षण कर रही थी। जून 2025 में एनबीएजीआर, करनाल द्वारा गठित वैज्ञानिक दल ने उदयपुरी बकरी के प्रजनन क्षेत्र का निरीक्षण किया, जिसके बाद इस नस्ल का औपचारिक पंजीकरण किया गया। उदयपुरी बकरी का मूल क्षेत्र उत्तराखंड के पश्चिमी हिमालयी भाग में पौड़ी गढ़वाल जिले की उदयपुरी और अजमेरी पट्टी, दुगड्डा से यमकेश्वर तक फैला हुआ है। उदयपुरी बकरियां समशीतोष्ण जलवायु के अनुकूल होती हैं और मुख्य रूप से मांस उत्पादन के लिए पाली जाती हैं। यह नस्ल आकार में अपेक्षाकृत छोटी होती है। इनका शरीर मध्यम आकार का, भूरे रंग का और सुगठित होता है, जिनके ऊपरी भाग पर काली धारियां पाई जाती हैं। सिर हल्का उभरा हुआ, माथे पर काले बाल, पतली थूथन, चमकीली आंखें और काली नाक इसकी पहचान है। इनके कान लटके हुए होते हैं, जबकि वेटल और दाढ़ी नहीं पाई जाती। सींग मध्यम आकार के, चपटे, नुकीले और पीछे की ओर मुड़े होते हैं। वयस्क अवस्था में नर बकरी का वजन लगभग 26 से 30 किलोग्राम और मादा का वजन 21 से 25 किलोग्राम के बीच होता है।गढ़वाल मंडल में बकरी पालक इस नस्ल को लंबे समय से मांस उत्पादन के उद्देश्य से पालते आ रहे हैं। उदयपुरी बकरी स्थानीय पशुपालकों की कृषि आय का महत्वपूर्ण सहारा है। आवश्यकता पड़ने पर इन्हें बाजार में आसानी से बेचा जा सकता है और धार्मिक अनुष्ठानों में भी इनका उपयोग होता है।एक अलग नस्ल के रूप में मान्यता मिलने से उदयपुरी बकरी के सुधार और संरक्षण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे इसकी उत्पादन क्षमता बढ़ाने और इसे अधिक लाभकारी बनाने में मदद मिलेगी। पशुपालन विभाग अब इसे राज्य की बकरी प्रजनन नीति में मान्यता प्राप्त नस्ल के रूप में शामिल कर सकता है, जिससे बकरी पालकों को सरकारी योजनाओं और तकनीकी सहायता का लाभ मिल सकेगा।इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने वैज्ञानिकों को बधाई दी है। कुलपति मनमोहन सिंह चौहान, निदेशक शोध एस.के. वर्मा और अधिष्ठाता ए.एच. अहमद ने इसे उत्तराखंड के पशुपालन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण सफलता बताया है।

## एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का हुआ शुभारंभ

शक्तिफार्म।पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में बुधवार को सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय देवनगर में किया गया।शिविर का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एनएसएस शिविर विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। शिविर के दौरान स्वयंसेवक गांव में स्वच्छता अभियान, साक्षरता जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे जनहितकारी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी बीएल पटेल, शिक्षक दिनेश तिवारी, राम जनम चौहान, राजकमल सिंह, हरिशंकर याज्ञिक, नरेश चंद्र बिनवाल सहित अन्य शिक्षक एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज सेवा के प्रति प्रेरित करने का संकल्प लिया गया।








## नगर पंचायत में स्वच्छता कर्मियों को गरम जैकेटें वितरित



लालपुर (उद संवाददाता)। शीत ऋतु को देखते हुए नगर पंचायत लालपुर में स्वच्छता कर्मियों को गरम जैकेटें वितरित की गईं। यह कार्यक्रम किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के मार्गदर्शन में नगर पंचायत अध्यक्ष नरेश खुराना के सौजन्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि स्वच्छता कर्मी समाज की बुनियाद हैं। कड़ाके की ठंड, बारिश या भीषण गर्मी में भी वे नगर को स्वच्छ रखने का कार्य पूरी निष्ठा से करते हैं। इनके बिना किसी भी नगर की व्यवस्था की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा, सम्मान और सुविधाओं का ध्यान रखना सरकार और समाज दोनों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा ऐसे कर्मयोगियों के साथ खड़ी रही है और आगे भी उनके हितों के लिए संघर्ष करती रहेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष नरेश खुराना ने कहा कि यह पहल स्वच्छता कर्मियों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को सफाई कर्मियों के योगदान को समझते हुए उनके साथ सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य गुरदास कालड़ा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणजीत सिंह, कैलाश जोशी, गिल, हाजी शरीफ, श्रीराम शर्मा, मेजर सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस मानवीय और सामाजिक पहल की सराहना की।

# पूर्व सैनिकों के सम्मान और कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध: धामी

## नववर्ष पर आयोजित पूर्व सैनिक मिलन कार्यक्रम में सैनिकों के योगदान को किया नमन

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने हाथीबड़कला स्थित पूर्व सैनिक मिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सैनिकों और पूर्व सैनिकों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड वीर सैनिकों और पूर्व सैनिकों की भूमि है और राज्य सरकार उनके सम्मान, पुनर्वास और कल्याण के लिए निरंतर संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सैनिक परिवार से आने के कारण उन्होंने सेना के अनुशासन, त्याग और देशभक्ति को निकट से देखा है। उन्होंने बताया कि वे सैनिकों और पूर्व सैनिकों से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल होने का लगातार प्रयास करते हैं, ताकि उनके अनुभवों और समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से समझा जा सके।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी






प्रत्येक महत्वपूर्ण अवसर पर सैनिकों के बीच जाकर उनका मनोबल बढ़ाते हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सैनिकों और पूर्व सैनिकों के हित में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण, सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास, सैनिकों के लिए आधुनिक उपकरण, आवास और कल्याण सुविधाओं में निरंतर वृद्धि से न केवल सक्रिय जवानों बल्कि पूर्व सैनिक समुदाय का भी गौरव बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहीदों के आश्रितों, पूर्व सैनिकों और सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है।सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सैनिक और पूर्व सैनिक देश की शान हैं, जिनके त्याग और अनुशासन के कारण भारत सुरक्षित और सशक्त बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए ठोस कदम उठा रही है। सरकार द्वारा सैनिकों को दी जाने वाली पुरस्कार और सम्मान राशि में कई गुना वृद्धि की गई है, जिससे शहीदों और वीर सैनिकों के सम्मान को नई गरिमा मिली है।उन्होंने बताया कि सीमा पर देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त होने वाले जवानों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने का निर्णय राज्य सरकार का संवेदनशील और ऐतिहासिक कदम है। अब तक 28 शहीद सैनिकों के परिजनों को सरकारी सेवा में रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है, जो सैनिक परिवारों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह, ब्रिगेडियर केजी बहल, मेजर जनरल सम्मी सबरवाल, लेफ्टिनेंट जनरल अश्वनी कुमार, मेजर जनरल ओपी राणा, ब्रिगेडियर जेएनएस बिष्ट, मेजर जनरल देवेश अग्निहोत्री, मेजर जनरल ओपी सोनी, मे. जनरल आनंद रावत आदि थे।

# हाउस ऑफ हिमालयाज से और अधिक स्वयं सहायता समूह जोड़े जाएंगे

## छठी बोर्ड बैठक में उत्पाद गुणवत्ता, भुगतान व्यवस्था और वेयरहाउस विस्तार पर अहम फैसले

देहरादून (उद संवाददाता)। हाउस ऑफ हिमालयाज की छठी बोर्ड बैठक बुधवार को सचिवालय में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निदेशक मंडल के साथ विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। अपर सचिव एवं प्रबंध निदेशक झरना कमठान ने संस्था की अब तक की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि हाउस ऑफ हिमालयाज से अधिक



से अधिक क्लस्टर स्तर के फेडरेशन और स्वयं सहायता समूहों को जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने इन समूहों को और मजबूत बनाने पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि उनके उत्पादों का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र किया जाए। उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए भौगोलिक संकेतक टैगिंग और जैविक प्रमाणीकरण को आवश्यक बताते हुए इस दिशा में ठोस कार्य करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उत्पादों के अधिकतम खुदरा मूल्य निर्धारित करने के लिए एक प्रभावी व्यवस्था तैयार करने को कहा गया। मुख्य सचिव ने हाउस ऑफ हिमालयाज की भंडारण और वेयरहाउस क्षमता बढ़ाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्र के साथ-साथ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक बड़ा वेयरहाउस हब विकसित किया जाना चाहिए, जिसके लिए आवश्यक कदम तत्काल उठाए जाएं। बैठक में कच्चे माल और उत्पादों के लिए सगंध पौधा केंद्र और दून सिल्क फेडरेशन के साथ शीघ्र समझौता ज्ञापन करने पर भी सहमति बनी। इसके अलावा हवाई अड्डों और मेट्रो स्टेशनों पर आउटलेट्स की संख्या बढ़ाने तथा विभिन्न राज्यों में स्थापित हो रहे यूनिटी मॉल्स में हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पादों के लिए आउटलेट्स खोलने पर जोर दिया गया। आउटलेट्स को बिक्री लक्ष्य दिए जाने और बेहतर प्रदर्शन करने वालों को प्रोत्साहन देने की भी बात कही गई, ताकि अन्य कर्मियों को भी प्रेरणा मिल सके। बैठक में पूर्व मुख्य सचिव इंदु कुमार पाण्डेय, पूर्व निदेशक लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी राजीव चोपड़ा, सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल, अपर सचिव हिमांशु खुराना सहितअन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# इंटरलॉकिंग टाइल्स फर्श का शुभारंभ

रूद्रपुर। ग्राम शिवपुर में मंदिर के सामने प्रांगण का विकास कार्य अब जमीन पर उतर गया है। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने 60 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इंटरलॉकिंग टाइल्स फर्श के निर्माण का पूजा-अर्चना के साथ फीता काटकर औपचारिक रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि यह कार्य न केवल मंदिर प्रांगण की सौंदर्यवृद्धि करेगा, बल्कि क्षेत्रवासियों और



श्रद्धालुओं के लिए सुविधा और सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय समुदाय की भागीदारी और प्रशासनिक सहयोग से यह परियोजना समय पर पूर्ण होगी और आने वाले वर्षों तक क्षेत्र के विकास में योगदान देती रहेगी। कार्यक्रम में कुसुम बख्शी, अंजलि, पूनम, सीमा मलिक, सदानंद मल्कि, रवि विश्वास, मंगल, रजाऊ राय, राजू तपाली, नरेश तपाली, विजय शिकारी, गोविंद, कवि बख्शी, शुभद्रा हाल्दार समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के विकास कार्य क्षेत्र में समुदाय की जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# अलग अलग स्थानों से तीन बाईकें चोरी

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैम्प और किच्छा क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी होने की घटनाएं सामने आई हैं। सभी पीड़ितों ने संबंधित थानों में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है, और पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गंगापुर रोड, कृष्णा ग्रीन कॉलोनी निवासी राजेन्द्र कश्यप ने 14 दिसंबर 2025 को रात करीब 10:30 बजे अपनी स्पलेंडर प्लस बाइक को घर के बाहर खड़ा कर लॉक किया था। अगले दिन सुबह 4:00 बजे उठने पर उन्होंने देखा कि उनकी बाइक चोरी हो चुकी थी। इसी प्रकार, अरविंद नगर वार्ड नं. 05 निवासी मोन्टू राय ने 25 अक्टूबर 2025 को रात 9:00 बजे अपनी होण्डा एक्टिवा स्कूटी को अपने पान के खोखे के पास खड़ा कर लॉक किया था। अगले दिन सुबह 5:00 बजे उठने पर उन्होंने पाया कि स्कूटी चोरी हो चुकी थी। वहीं, उत्तरांचल कालोनी वार्ड नं. 03 निवासी मनीष जयसवाल ने 27 दिसंबर 2025 को शाम लगभग 5:40 बजे सब्जी बाजार में अपनी स्पलैंडर प्लस बाइक खड़ी की थी। कुछ समय बाद 6:10 बजे जब वह लौटे तो बाइक गायब थी। तीनों ही मामलों में पीड़ितों ने तहरीर दर्ज कराई है और पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में छानबीन कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि किसी को चोरी की बाइक या संदिग्ध व्यक्ति का पता चले तो तुरंत स्थानीय थाने को सूचित करें।

# 20 जनवरी से होंगे अखरोट और सेब के पौधे निःशुल्क भेंट :पंत

रुद्रपुर। गत वर्षों की तरह इस बार भी पर्वतीय क्षेत्र में इच्छुक ग्रामीणों को अखरोट और सेब के पौधे उनकी अपनी जमीन में लगाने के लिए निःशुल्क भेंट किए जायेंगे। यह जानकारी देते हुए पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी व पर्यावरण विद आशुतोष पंत ने बताया कि यह कार्यक्रम 20 जनवरी से 20 फरवरी तक चलेगा। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से यह उनका एक छोटा सा प्रयास है। उन्होंने बताया वर्ष 1988 में अपने पिताजी सुशील चंद्र पन्त की प्रेरणा से हरियाली बढ़ाने के लिए पौधे लगाना प्रारंभ किया था। शुरू में थोड़ी संख्या में खुद ही जंगल में और सड़क किनारे पौधे लगाए। वर्ष 1996 से उन्होंने लोगों को विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को निःशुल्क पौध भेंट करना शुरू किया इसका नतीजा काफी उत्साहजनक रहा।वर्तमान में उन्होंने प्रतिवर्ष बीस हजार से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए अभी तक सरकार, किसी व्यक्ति या संस्था से कभी कोई आर्थिक सहयोग नहीं लिया है। समाज के प्रति अपना कर्तव्य समझकर व्यक्तिगत संसाधनों से यह छोटा सा प्रयास कर रहा हूं। श्री पंत ने कहा किजो जनप्रतिनिधि, प्रधान या पर्यावरण प्रेमी क्षेत्र में पौध भेंट कार्यक्रम रखना चाहते हैं उनसे मोबाइल 9412958988 पर संपर्क कर सकते हैं।

# ठुकराल को गुरूद्वारों में किया गया सम्मानित

रूद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को इंदिरा कालोनी गुरूद्वारा माता गुजरी कौर और बिंदुखेड़ा गुरूद्वारा बाबा मेहर सिंह में आयोजित संत समागम कार्यक्रमों के दौरान गुरूद्वारा प्रबंधन द्वारा शॉल ओढ़ाकर और सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ठुकराल ने कहा कि धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में शामिल होना हमेशा उनके लिए गर्व की बात रही है। उन्होंने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में भाईचारे और आध्यात्मिक मूल्यों को मजबूत करने का माध्यम हैं। पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि धार्मिक स्थलों और समुदाय द्वारा आयोजित आयोजनों का समर्थन करना उनका हमेशा उद्देश्य रहा है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए समाज



में सकारात्मक बदलाव और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने का संदेश दिया। इंदिरा कालोनी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधान चरनजीत सिंह, दीदार सिंह नागपाल, राजेन्द्र सिंह चावला, नत्था सिंह चाण्डा, इन्द्रजीत सिंह, गुरजीत सिंह, प्रीतविंदर सिंह छाबड़ा, सतविंदर सिंह, सोनू चीमा, बलवीर सिंह बेदी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।वहीं, बिंदुखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में गुरूद्वारा के प्रधान कंवलजीत सिंह, जोगेन्द्र सिंह, कुलवंत सिंह, बीडीसी सदस्य अमरजीत सिंह, जसवंत सिंह, प्रीतम सिंह, परमजीत सिंह, मलकीत सिंह, ज्ञानी हरनाम सिंह, जगीर सिंह, गुरबाज सिंह समेत अनेक मौजूद रहे।

# भक्तों के हृदय में वास करते हैं भगवान: आचार्य रामचंद्र

शक्तिफार्म।देवनगर गुरुग्राम बॉर्डर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास आचार्य रामचंद्र जी महाराज ने जैसा होता है, जहां सच्ची श्रद्धा और भक्ति से समस्त कष्टों का निवारण संभव है। आचार्य श्री ने सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार पर बल देते हुए कहा कि सभी गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और कथा का अमृतमयी प्रसाद ग्रहण किया। कथा स्थल पर भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का वातावरण बना





भक्तिरस से ओतप्रोत प्रवचन देते हुए कहा कि "भगवान भक्तों के हृदय में वास करते हैं। जहां निश्छल भाव से प्रभु का स्मरण किया जाता है, वहां वे स्वयं दौड़े चले आते हैं।"उन्होंने कहा कि भक्त और भगवान का संबंध आत्मा और परमात्मा आज के समय में प्रत्येक सनातनी को धर्मपथ पर अग्रसर होकर हिन्दू राष्ट्र निर्माण की दिशा में कार्य करना चाहिए।वार्षिक श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के रहा।इस अवसर पर विष्णु सरकार, कन्हाई कीर्तनिया, सुशांकर, गौरांग, रतन,रेखा बिस्वास, रत्ना मंडल, इशिका बिस्वास, गौरपद, विधान, तापस मंडल सहित आयोजक समिति के सभी पदाधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# धामी सरकार में 2025 बना उत्तराखंड का 'हेल्थ हीरो ईयर'

## चारधाम यात्रा और आपदाओं में स्वास्थ्य कर्मियों ने दिखाई अभूतपूर्व सेवा, दुर्गम हिमालय में बनी मजबूत स्वास्थ्य ढाल

देहरादून। हिमालय केवल पर्वत श्रृंखला नहीं, बल्कि सहनशक्ति और व्यवस्था की कठोर परीक्षा भी है। वर्ष 2025 में उत्तराखंड ने इस परीक्षा को स्वास्थ्य सेवाओं के मोर्चे पर सफलता पूर्वक पार किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व और स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत के मार्गदर्शन में राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था ने चारधाम यात्रा जैसे विशाल आयोजन और प्राकृतिक आपदाओं के बीच जिस तरह मोर्चा संभाला, उसने वर्ष 2025 को 'हेल्थ हीरो ईयर' के रूप में स्थापित कर दिया।चारधाम यात्रा के दौरान केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में 47 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने के बावजूद स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह सतर्क रहीं। यात्रा शुरू होने से पहले ही स्वास्थ्य विभाग ने बहुस्तरीय रणनीति तैयार की। 13 भाषाओं में स्वास्थ्य परामर्श जारी किया गया, जिसमें हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, ऊंचाई से जुड़ी बीमारियों और आपात स्थितियों से निपटने की जानकारी दी गई। देहरादून, हरिद्वार, टिहरी और पौड़ी को ट्रांजिट मेडिकल हब के रूप में विकसित किया गया, जहां यात्रियों की पहले से स्क्रीनिंग और






परामर्श की व्यवस्था की गई।यात्रा मार्ग पर 49 स्थायी चिकित्सा इकाइयों के साथ 20 मोबाइल रेस्पॉन्स पोस्ट तैनात की गईं, जो दुर्गम और जोखिम भरे क्षेत्रों में तत्काल सहायता देती रहीं। स्क्रीनिंग कियोस्क की संख्या बढ़ाकर 57 कर दी गई। इन केंद्रों पर दस लाख से अधिक यात्रियों की स्वास्थ्य जांच हुई, जिनमें हजारों सह-रोगियों की पहचान कर समय रहते परामर्श और उपचार उपलब्ध कराया गया, जिससे कई संभावित आपात स्थितियों को रोका जा सका।केदारनाथ धाम में शुरू किया गया 17 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल यात्रा 2025 की बड़ी उपलब्धियों में शामिल रहा। ऑक्सीजन थेरेपी, गहन चिकित्सा और आपात सुविधाओं से लैस इस अस्पताल में सैकड़ों श्रद्धालुओं का उपचार किया गया। स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों, चिकित्सा अधिकारियों और पैरामेडिकल कर्मियों की तैनाती के साथ अन्य जिलों, राज्य मेडिकल कॉलेजों और केंद्र सरकार से अतिरिक्त चिकित्सकीय सहायता भी ली गई। पूरा स्वास्थ्य तंत्र चौबीसों घंटे अलर्ट मोड में कार्यरत रहा।चारधाम यात्रा के दौरान लाखों ओपीडी परामर्श, हजारों आपात मामलों का उपचार, दुर्घटनाग्रस्त यात्रियों की चिकित्सा सहायता और सैकड़ों रेफरल सफलतापूर्वक किए गए। यात्रा मार्ग पर डेढ़ सौ से अधिक एंबुलेंस तैनात रहीं, जबकि हेली एंबुलेंस सेवा के माध्यम से गंभीर मरीजों को समय रहते उच्च चिकित्सा केंद्रों तक पहुंचाया गया। राज्य की हेल्थ हेल्पलाइन पर हजारों कॉल्स का समाधान किया गया।स्वास्थ्य विभाग ने उपचार के साथ-साथ जागरूकता पर भी विशेष ध्यान दिया। होटल संचालकों, धर्मशालाओं और घोड़ा-खच्चर संचालकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, ताकि वे आपात लक्षणों की पहचान कर समय रहते सूचना दे सकें। यात्रा मार्ग पर सूचना, शिक्षा और संचार अभियान के जरिए स्वास्थ्य जांच और सावधानी के संदेश लगातार प्रसारित किए गए।चारधाम यात्रा के साथ ही मॉनसून सीजन में आई आपदाओं ने भी स्वास्थ्य विभाग की क्षमता की परीक्षा ली। उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर और रुद्रप्रयाग में बादल फटने, भूस्खलन और बाढ़ जैसी घटनाओं के दौरान स्वास्थ्य टीमें मौके पर डटी रहीं। प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल कैंप लगाए गए और गंभीर घायलों को हेली एंबुलेंस से उच्च चिकित्सा संस्थानों तक पहुंचाया गया। बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर रोगियों के लिए विशेष देखभाल प्रोटोकॉल लागू कर अनेक जिंदगियों को सुरक्षित किया गया।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्ष 2025 में स्वास्थ्य विभाग का कार्य केवल प्रशासनिक सफलता नहीं, बल्कि मानवीय सेवा की मिसाल है। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने समर्पण के साथ सेवा दी और लाखों श्रद्धालुओं व नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि 2026 में डिजिटल स्वास्थ्य नेटवर्क, टेलीमेडिसिन और तकनीक आधारित व्यवस्थाओं को और सशक्त किया जाएगा।स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि समय पर स्क्रीनिंग, आधुनिक चिकित्सा इकाइयों और मजबूत रेफरल सिस्टम के कारण सैकड़ों जानें बचाई जा सकीं। उनका कहना था कि राज्य का लक्ष्य केवल इलाज नहीं, बल्कि रोकथाम और जागरूकता को भी मजबूत करना है।स्वास्थ्य सचिव आर. राजेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2025 स्वास्थ्य विभाग के लिए एक कठिन परीक्षा थी, जिसमें पूरी टीम खरी उतरी। चारधाम यात्रा और आपदाओं के बीच बचाई गई हर जान ही इस वर्ष की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ड्रोन आधारित निगरानी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणालियों से स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत किया जाएगा।

# रिंग रोड से रुद्रपुर को जाम से मिलेगी निजात: शिव

## मार्च 2026 तक जनता के लिए समर्पित होगी 20 किलोमीटर लंबी विकास परियोजना

रुद्रपुर । रुद्रपुर और आसपास के क्षेत्रों को विकास से जोड़ने वाला 1082 करोड़ की लागत से बनने वाला रिंग रोड अब अंतिम चरण में है। यह प्रोजेक्ट लंबे समय से शहरवासियों का सपना रहा, लेकिन इसका प्रयास कभी पूर्व में किसी जनप्रतिनिधि द्वारा नहीं किया गया। विधायक शिव अरोरा ने यह संकल्प विधायक बनने से पहले लिया और 2022 में विधायक बनते ही इसे प्राथमिकता पर लेकर स्वीकृत करवा कर धरातल पर उतारने का कार्य शुरू किया। विधायक शिव अरोरा ने एनएचआई अधिकारियों के साथ अपने कार्यालय में बैठक कर रिंग रोड के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि यह कार्य 2023 में अनुबंधित हुआ और 2024 में कार्य प्रारंभ हुआ था। तय समय 2026 अप्रैल तक पूरा होने वाला यह प्रोजेक्ट अब रिकॉर्ड समय में जनता के लिए तैयार होने की ओर बढ़ रहा है। विधायक ने एमेनिटी स्कूल के सामने बन रहे रिंग रोड का स्थलीय निरीक्षण किया और



निर्माण कार्य की गुणवत्ता का मौके पर जायजा लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सांसद अजय भट्ट की विकासपरक सोच के चलते यह रिंग रोड जाम से निजात दिलाने वाला अहम प्रोजेक्ट बन रहा है। अधिकारियों के अनुसार, रिंग रोड का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। केवल आरओबी के पास मिट्टी भराई का कार्य शेष है। पूरी रोड तैयार होते ही इसे जनता के उपयोग के लिए समर्पित कर दिया जाएगा। विधायक ने बताया कि दिल्ली और काशीपुर से आने वाले लोग अब रुद्रपुर शहर के बीच से होकर नहीं गुजरेंगे, बल्कि सीधे बिलासपुर रोड के पास से बागवाला होते हुए सिडकुल पारले चौक निकलकर हल्द्वानी की ओर जा सकेंगे, जिससे शहर में ट्रैफिक का बोझ कम होगा। रिंग रोड के आसपास एक नया रुद्रपुर विकसित होगा और यह परियोजना आने वाले समय में शहर के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। निर्माण कार्य गावर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी कर रही है और युद्ध स्तर पर जारी है। यह 20 किलोमीटर लंबा रिंग रोड शहर और आसपास के क्षेत्रों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। विधायक ने किच्छा रोड से राधास्वामी सत्संग घर तक रिंग रोड का भ्रमण किया और कहा कि बहुत जल्द इस रोड पर वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा। विधायक ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सांसद अजय भट्ट का धन्यवाद व्यक्त किया। इस दौरान एनएचआई अधिकारी पीडी अंचल जिंदल, डिप्टी मैनेजर रक्षित यादव, साइट इंजीनियर तुषार गुप्ता, प्रोजेक्ट मैनेजर विनोद सिंह, प्रधान विनीत सोलंकी, राजीव शुक्ला, आयुष चिलाना, किरन विर्क, संतोष गुप्ता, कुलदीप सिंह, राजेश पासवान, पिंकू तिवारी, मनोज मदान, मयंक कक्कड़ और मोहित चड्डा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# तोड़फोड़ नोटिसों को लेकर विधायक ने प्रभावित परिवारों से की मुलाकात

हल्द्वानी। सती कॉलोनी, शनि बाजार रोड में विगत कई वर्षों से निवास कर रहे परिवारों के घरों को अतिक्रमण बताकर तोड़ने के लिए जारी किए गए नोटिसों को लेकर विधायक सुमित हृदयेश ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस कार्रवाई को दुखद, पीड़ादायक और अमानवीय बताते हुए कहा कि वर्षों से बसे मेहनतकश परिवारों के आशियानों पर इस प्रकार का संकट स्वीकार्य नहीं है। इस गंभीर विषय को लेकर विधायक सुमित स्वयं सती कॉलोनी, शनि बाजार रोड पहुंचे, जहां उन्होंने प्रभावित



परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं, पीड़ा और आशंकाएं गंभीरता से सुनीं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि वे लंबे समय से यहां रह रहे हैं और अचानक मिले नोटिसों से उनके सामने बेघर होने की स्थिति उत्पन्न हो गई है। विधायक सुमित ने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर पूरे मामले पर विस्तार से चर्चा की तथा मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए शीघ्र समाधान निकालने की मांग की। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में निर्दोष नागरिकों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। विधायक सुमित ने प्रभावित परिवारों को आश्वस्त किया कि आमजन के अधिकारों, सम्मान और न्याय की रक्षा के लिए वे हर स्तर पर मजबूती से उनके साथ खड़े हैं और रहेंगे। इस दौरान मोहन सती, गुड्डू सती, गोपाल सिंह अधिकारी, कुंदन सिंह अधिकारी, सौरभ, अंकित, राम बाबू, जाकिर हुसैन, जावेद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय अंडर-19 बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए गुरूनानक इंटर कालेज की तीन छात्राओं का चयन

रूद्रपुर। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अंतर्गत आयोजित होने वाली 69वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में गुरूनानक बालिका इंटर कालेज की तीन छात्राओं का चयन राष्ट्रीय अंडर-19 बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 1 जनवरी से 7 जनवरी 2026 तक मध्य प्रदेश के शिवपुरी में आयोजित की जाएगी।



विद्यालय से आशना दास, दीप्ति शर्मा और साक्षी अनेरिया का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया गया है, जबकि अंशिका शर्मा को स्टैंडबाई में रखा गया है। तीन छात्राओं के चयन और एक छात्रा के स्टैंडबाई में रहने से विद्यालय में खुशी का माहौल है। चयनित छात्राएं प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शिवपुरी रवाना हो चुकी हैं।प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल, व्यायाम प्रशिक्षिका अंजलि तथा विद्यालय परिवार ने छात्राओं को प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। छात्राओं के क्रिकेट कोच उत्तम सिंह ने बताया कि ऋषिकेश में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-19 बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में ऊधम सिंह नगर जनपद की ओर से विद्यालय की 14 छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। इस प्रतियोगिता में टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छह टीमों के बीच उपविजेता स्थान प्राप्त किया था।

# मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी नववर्ष की शुभकामनाएँ

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समस्त प्रदेशवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। नववर्ष की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की है। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की अब तक की विकास यात्रा उपलब्धियों से परिपूर्ण रही है। राज्य की विकास यात्रा संघर्ष, समर्पण और प्रगति की एक प्रेरक गाथा को प्रस्तुत करती है। राज्य आंदोलन के मूल में उत्तराखण्ड के समग्र एवं संतुलित विकास की अवधारणा निहित रही है। इसी भावना को मूर्त रूप देने के लिए पारदर्शिता, जन-सहभागिता एवं नई कार्यसंस्कृति के साथ विकास की एक नई गाथा लिखने की उल्लेखनीय पहल की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य के समग्र आर्थिक विकास के प्रयासों के साथ-साथ प्रकृति और संस्कृति के संरक्षण, पर्यटन, खेती, बागवानी एवं पशुपालन जैसे संभावनाशील क्षेत्रों में किए गए अभिनव और दूरगामी प्रयासों से प्रदेश को देश में एक अलग पहचान मिली है। विकास के प्रति हमारे संकल्पों का ही परिणाम है कि आज देश के अन्य राज्य भी उत्तराखण्ड की नीतियों एवं कार्यक्रमों का अनुसरण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को आत्मसात करते हुए हमारी सरकार ने जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। सरकार की योजनाएँ जन-जन तक पहुँचें, यह सुनिश्चित करने का निरंतर प्रयास किया गया है। पारदर्शी प्रशासन, भ्रष्टाचार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा त्वरित निर्णय हमारी सरकार की कार्यशैली की आधारशिला रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता, सशक्त भू-कानून, नकल-रोधी कानून तथा धर्मांतरण के विरुद्ध कानून जैसे ऐतिहासिक निर्णयों के माध्यम से न्याय, अनुशासन, पारदर्शिता और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ किया गया है। देवतुल्य जनता के विश्वास और सहयोग से विगत चार वर्षों में युवाओं के लिए



रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने, महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने, किसानों की आय में वृद्धि तथा गरीब एवं वंचित वर्गों के कल्याण हेतु अनेक जन कल्याणकारी योजनाएँ प्रभावी ढंग से लागू की गई हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और आधारभूत संरचना के क्षेत्रों में भी नए आयाम स्थापित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन-अपेक्षाओं के अनुरूप सुनियोजित एवं त्वरित विकास की दिशा एवं दशा तय करने में सरकार न केवल सफल रही है, बल्कि अनेक क्षेत्रों में राज्यहित से जुड़े कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में अपेक्षा से अधिक सफलता भी प्राप्त हुई है। विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा नवाचारों को नीति आयोग द्वारा सराहा गया है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य को सतत विकास सूचकांक में देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। निवेश और उद्योग के क्षेत्र में भी राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। देश-विदेश के निवेशकों द्वारा प्रदेश में 3.56 लाख करोड़ रुपये के एमओयू किए गए हैं, जिनमें से लगभग एक लाख करोड़ रुपये की ग्राउंडिंग हो चुकी है। स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने तथा वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने की दिशा में भी ठोस पहल की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड ने अपनी इस गौरवपूर्ण विकास यात्रा में न केवल भौतिक प्रगति की है, बल्कि अपनी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक पहचान को भी सशक्त किया है। हमारा निरंतर प्रयास है कि आने वाले वर्षों में उत्तराखण्ड को और अधिक प्रगति के पथ पर अग्रसर किया जाए। उन्होंने राज्य के विकास में सभी प्रदेशवासियों की सक्रिय सहभागिता की भी कामना की।


Happy New Year 2026
समस्त क्षेत्रवासियों को नववर्ष की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
अजय तिवारी
अध्यक्ष, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधमसिंहनगर
एवं पूर्व प्रत्याशी किच्छा विधानसभा क्षेत्र


समस्त क्षेत्रवासियों को
नव वर्ष 2026
की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY NEW YEAR 2026
विजय भूषण गर्ग
प्रदेश अग्रवाल महासभा, उत्तराखण्ड
मै. विजय फिलिंग स्टेशन, लालपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को
नव वर्ष 2026
की हार्दिक शुभकामनाएं
पुनीत अग्रवाल
प्रबन्ध निदेशक
MARUTI SUZUKI
Way of Life!
Akanksha
AUTOMOBILES (R) PVT. LTD.
Kichha Bypass Road, Rudrapur (U.S.Nagar)


HAPPY NEW YEAR
2026
समस्त प्रदेशवासियों को
नववर्ष 2026
की हार्दिक शुभकामनाएं
सीए शिव अरोरा
विधायक, रुद्रपुर विधानसभा


BINDAL HYUNDAI
HYUNDAI
रुद्रपुर में हुण्डई कारों के
एकमात्र अधिकृत विक्रेता
BINDAL ENTERPRISES PVT LTD
Kichha By Pass Road, Rudrapur Ph.: 05944-244156, Mob.: 9917262000, 9635300033


समस्त क्षेत्रवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
ओम बापू
मशीनरी स्टोर
हरीश चन्द्र गुम्बर
विशाल गुम्बर


नववर्ष 2026
जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज
बंशीधर गुम्बर
आशू गुम्बर
रोहित गुम्बर
निर्माता- धान थ्रेशर, गेहूँ थ्रेशर, रोटावेटर, स्ट्रारीपर, हैरो, पैडी हैरो, जीरो ड्रील आदि
C-19/20, इण्डस्ट्रियल इस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर
Ph.: 05944-243508, 9412034731, 9568880000


BHANU PRATAP PUBLIC SCHOOL
(A SENIOR SECONDARY (10 + 2) SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI
Happy
2026
New Year
मकर संक्रान्ति, लोहड़ी एवं नव वर्ष - 2026
की हार्दिक शुभकामनाएं
Sharda Nagar, Kashipur Road, Rudrapur
Contact us: 9756357176


समस्त क्षेत्रवासियों को नववर्ष 2026
की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
राजेश अरोरा 'पप्पल'
मनिक अरोरा
तिलक राज अरोरा
Happy New Year 2026
pvc wall & ceiling panels
EESHA TRADERS
SRA, E-2, Kashipur By Pass Road Opp. Police Chowk, Rudrapur


समस्त क्षेत्रवासियों को नववर्ष 2026
की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
Happy New Year
2026
शेखर गुयाल
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
सुरेन्द्र घई
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
श्री सांई कन्सट्रक्शन
59/3, आवास विकास, रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)


समस्त क्षेत्रवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
HAPPY NEW YEAR
मीना शर्मा
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष
महिला कांग्रेस, उत्तराखण्ड
अनिल शर्मा
वरिष्ठ कांग्रेस नेता


समस्त क्षेत्रवासियों को नववर्ष 2026
की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
गाय भैंस का
सर्वोत्तम आहार
To Words The Milk Solution
An ISO 9001-2008 Certified Company Three Export Award Winner
S.P. SOLVENT LIMITED
Kashipur Road, Rudrapur (U.S.Nagar) Ph.: 05944-242800, Fax: 244565


समस्त क्षेत्रवासियों
को नववर्ष 2026
की हार्दिक बधाई
व शुभकामनाएं
Happy New Year
वेद ठुकराल
वरिष्ठ भाजपा नेता, रुद्रपुर

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# नए साल का समय

आज नववर्ष 2026 का सूर्योदय है। नए उजाले उग आए हैं। नए जोश, नई उम्मीद, नए लक्ष्य और नए संकल्प के साथ इन लम्हों को जीने की कोशिश करें। जो बीत गया, सो बीत गया, अतीत हो गया, उसे अंधे कुएं में जाने दें, बिल्कुल भी अफसोस न मनाएं। वह सिर्फ एक समय था और आज का समय आपके सामने, साथ है। निर्लिप्त रहने की जरूरत नहीं है। समय के साथ संलिप्त हों, क्योंकि वही सत्य है, यथार्थ है और समय खूबसूरत ही होता है। बेशक आज नफरत, सांप्रदायिकता, हिंसा, युद्धों, दंगों और अंततः हत्याओं का दौर है, लेकिन इनके खिलाफ, नए साल के समय में, एक संकल्प लेना है। मानवीय संकल्प लेना है और उसकी शुरुआत व्यक्ति के स्तर पर ही होती है। धीरे-धीरे वह संकल्प विस्तार पाता है और फिर समय बदलता है। बाबा वेंगा की कुछ भविष्यवाणियां सामने आई हैं। उनमें से दो मानव के विनाश और विध्वंस की हैं। एक, 2026 में तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है। दूसरी, नए साल में भारत और पाकिस्तान के बीच भी युद्ध की आशंकाएं जताई जा रही हैं। ऐसी रपट एक अमरीकी थिंक टैंक 'सीएफआर' ने भी जारी की है। कश्मीर में नए सिरे से सक्रिय और फैल रहे आतंकवाद के मद्देनजर भारत पाकिस्तान को सबक सिखा सकता है। भारत ने अपनी ऐसी नीति पहले ही बयां कर दी थी कि कोई भी आतंकवादी प्रयास 'युद्ध' माना जाएगा और अब भारत ऐसे युद्ध का जवाब देने को तैयार है। यह बाबा वही हैं, जिन्होंने अमरीका में 9/11 आतंकी हमले, सोवियत संघ के विघटन और राजकुमारी डायना की मौत की भविष्यवाणियां भी की थीं। हम ईश्वर से प्रार्थना करेंगे कि इस बार बाबा की घोषणाएं 'असत्य' साबित हों और युद्ध की व्यापक और हत्यारी विभीषिकाओं की नौबत न आए।शांति की मेज पर ही समझौते हो जाएं, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध से ताइवान और मध्य-पूर्व तक सामरिक तनाव पसरे हैं। समय के इन यथार्थों को कैसे नकारा जा सकता है? बाबा ने नए साल में प्राकृतिक आपदाओं और आर्थिक संकट की भी भविष्यवाणी की है। युद्ध और तनाव की बुनियाद में नफरत ही है, हिंसा और हत्याएं उसी भाव से उपजती हैं। ऐसे ही खतरों को भांपते हुए पेरिस, सिडनी, टोकयो सरीखे खूबसूरत महानगरों में नए साल के जश्न रद्द कर दिए गए हैं। अमरीका के लॉस एंजेलिस में 4 संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनसे आतंकी हमले की साजिश बेनकाब हुई है। भारत समेत कई और देशों में भी 'अलर्ट' की स्थितियां हैं। उप्र के गाजियाबाद में तलवारों की नुमाइश सजाई गई और हिंदू कार्यकर्ताओं में तलवारें बांट कर आह्वान किया गया कि वे हिंदुओं को मारने वाली ताकतों के खिलाफ आक्रामक हो जाएं। समय के हर दौर में ऐसी आसुरी ताकतें उभरती हैं, लेकिन उन्हें जेल की सलाखों के पीछे पटक दिया जाता है, जैसा उप्र में किया गया है। सीमापार, पड़ोसी बांग्लादेश में बजेन्द्र बिस्वास नामक एक और हिंदू की, गोलियां मार कर, हत्या कर दी गई। हिंदुओं की हत्याओं के सिलसिले जारी हैं। बुनियाद में नफरत और हिंदू-विरोध क्यों है? भारत और हिंदुओं ने तो बांग्लादेश की मुक्ति, आजादी में बेहद महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इस सवाल का तार्किक जवाब समय ही दे पाएगा। उत्तराखंड के देहरादून में त्रिपुरा के एक युवा छात्र को नस्लभेद का शिकार होना पड़ा। अंततः उसकी मौत हो गई। हालांकि सर्वोच्च अदालत ने इसी घटना पर एक जनहित याचिका स्वीकार की है। क्या 21वीं सदी में भी नस्लभेद का समय है, यह एक यक्ष प्रश्न है? उप्र के बरेली शहर में धर्म और लव जेहाद की आड़ में मारा-पीटी की गई। जय सिया राम के नारों को बदनाम किया गया। हालांकि पुलिस ने बवालियों को गिरफ्तार कर लिया है। गुजरात के अहमदाबाद में दो गुटों में झड़प हो गई। फिर वही हिंदू-मुसलमान..! एक मुफ्ती ने फतवेनुमा बयान दिया कि मुसलमान नए साल का जश्न न मनाएं, क्योंकि यह इस्लाम-विरोधी है, हराम है। नया साल यूरोपीय संस्कृति का हिस्सा है। इस्लामिक नया साल मुहर्रम के बाद शुरू होता है। यदि किसी मुसलमान ने जश्न मनाया, तो उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, लेकिन आज नए साल का समय है, लिहाजा नएपन से ही इसकी शुरुआत करें। सभी को नववर्ष मंगलमय हो।

# चारधाम यात्रा को सुगम बनाने पर फोकस

## केदारनाथ-बद्रीनाथ में व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के निर्देश



देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने बुधवार को सचिवालय में केदारनाथ पुनर्निर्माण और बद्रीनाथ मास्टर प्लान से जुड़े कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में संबंधित विभागों और जिलाधिकारियों के साथ चारधाम यात्रा को सुगम और व्यवस्थित रूप से संचालित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।मुख्य सचिव ने कहा कि केदारनाथ और बद्रीनाथ में यात्रा मार्ग और दर्शन व्यवस्था से जुड़ी व्यावहारिक समस्याओं की पहचान कर उनका समयबद्ध समाधान किया जाना जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान और वापसी तक एक सुखद अनुभव मिलना चाहिए, इसी लक्ष्य के साथ सभी तैयारियां की जाएं।उन्होंने निर्देश दिए कि दर्शन टोकन जारी करते समय यह जानकारी डिस्प्ले बोर्ड पर अनिवार्य रूप से दिखाई दे कि मंदिर में इस समय किस क्रमांक का दर्शन चल रहा है। इसके साथ ही टोकन लेते समय श्रद्धालुओं को दर्शन में लगने वाले संभावित समय की जानकारी भी दी जाए। चलने में असमर्थ और व्हीलचेयर पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए गोल्फ कार्ट और ऑल टेरेन व्हीकल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।मुख्य सचिव ने कहा कि यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं को आवश्यक और उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न स्थानों पर साइन बोर्ड और क्यूआर कोड आधारित सूचना पटल लगाए जाएं। उन्होंने प्रदेश के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों पर प्रमाणित गाइड व्यवस्था लागू करने पर जोर देते हुए पर्यटन विभाग को गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।बैठक में केदारनाथ रोपवे के संचालन के बाद संभावित भीड़ को लेकर भी चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि रोपवे शुरू होने के बाद केदारनाथ मंदिर परिसर, गौरीकुंड और सोनप्रयाग में श्रद्धालुओं का दबाव बढ़ सकता है, इसलिए अभी से आवश्यक तैयारियां की जाएं। इसके लिए केदारनाथ मंदिर परिसर के क्षेत्र विस्तार के साथ-साथ गौरीकुंड और सोनप्रयाग में पार्किंग और अन्य सुविधाओं के लिए क्षेत्र विस्तार की संभावनाओं को तलाशने के निर्देश भी दिए गए।बैठक के दौरान केदारनाथ पुनर्निर्माण और बद्रीनाथ मास्टर प्लान से जुड़े कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली गई और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित के निर्देश दिए गए।

# गुणवत्ता और समयबद्धता से हों जनहित के सभी कार्य: बेहड़

## किच्छा में विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, क्षतिग्रस्त सड़कों के शीघ्र निर्माण के निर्देश



किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा विधानसभा क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति को लेकर विधायक तिलक राज बेहड़ ने लोक निर्माण विभाग, उत्तराखंड अर्बन एस्टेट डेवलपमेंट प्राधिकरण, विद्युत विभाग और जल संस्थान के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें कीं। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए विधायक ने कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।विधायक ने बताया कि किच्छा नगर में नई पेयजल पाइपलाइन बिछाने के कार्य के चलते कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इन क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग और उत्तराखंड अर्बन एस्टेट डेवलपमेंट प्राधिकरण के बीच सहमति बनी है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में शहरी क्षेत्र की आठ क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण उत्तराखंड अर्बन एस्टेट डेवलपमेंट प्राधिकरण द्वारा हॉट मिक्स से कराया जाएगा।इनमें पंचक्की फार्म में नहर के किनारे सुनहरा मार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग 74 से गोल्ज्यू मंदिर तक मार्ग, सिरौलीकलां से दोपहरिया तक लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबा मार्ग, सुनैरा कैनाल से बंगाली कॉलोनी मार्ग, देवरिया चुकटी से आजादनगर तक मार्ग, बर्फ फैक्ट्री नहर से उत्तरांचल कॉलोनी होते हुए रेलवे क्रॉसिंग से बंडिया पुल तक मार्ग, सिरौलीकलां गेट से रेलवे फाटक तक का मार्ग तथा पंजाबी सभा गुरुकुल स्कूल वाली सड़क शामिल हैं।विधायक ने बताया कि उत्तराखंड अर्बन एस्टेट डेवलपमेंट प्राधिकरण द्वारा पहले चरण में इन सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है, जबकि दूसरे चरण में अन्य क्षतिग्रस्त सड़कों को भी शामिल किया जाएगा।राज्य योजना के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई सड़कों के टूटने पर विधायक ने कड़ी नाराजगी जताई और जर्जर हो चुकी सड़कों के शीघ्र निर्माण के निर्देश दिए। इस पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि संबंधित सड़कों का पुनर्निर्माण मार्च-अप्रैल 2026 तक करा दिया जाएगा।विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर, गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किच्छा विधानसभा क्षेत्र के विकास में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास निरंतर जारी रहेगा और विकास की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता गजेंद्र सिंह, उत्तराखंड अर्बन एस्टेट डेवलपमेंट प्राधिकरण के सहायक अभियंता पवन टोलिया, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता गोविंद बल्लभ भट्ट और विनोद चंद्र सनवाल, उत्तराखंड अर्बन एस्टेट डेवलपमेंट प्राधिकरण के कनिष्ठ अभियंता महेंद्र सिंह, जल संस्थान के कनिष्ठ अभियंता मोहम्मद आसिफ तथा विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता ओम कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला की चीख बनकर शर्मिंदा करती खामोशी

राजस्थान की राजधानी जयपुर में हाल ही में सामने आया घरेलू हिंसा का एक मामला केवल एक आत्महत्या की खबर नहीं है, बल्कि यह उस सामाजिक सड़ांध का प्रतीक है, जो आज भी हमारे घरों के भीतर पल रही है। 32 वर्षीय विवाहिता ने अपने चार महीने के मासूम बेटे के सामने गेहूं की टंकी में रखा सल्फास खाकर जान दे दी। लगातार मारपीट, दहेज की मांग और मानसिक प्रताड़ना ने उसे इस हद तक तोड़ दिया कि जीवन से उसका विश्वास उठ गया। युवती की मां की शिकायत पर पुलिस ने पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया, लेकिन सवाल यह है कि क्या कानून की कार्रवाई उस मासूम बच्चे को मां का साया लौटा पाएगी?ऐसी घटनाएं अब अपवाद नहीं रहीं। पिछले महीने जयपुर के कालवाड़ थाना क्षेत्र में घरेलू हिंसा से परेशान एक महिला ने देर रात 150 फीट गहरे कुएं में छलांग लगा दी। गनीमत रही कि समय रहते पुलिस ने रेस्क्यू कर उसकी जान बचा ली। इसी तरह कोटा के महावीर नगर इलाके में घरेलू विवाद ने जब खौफनाक रूप लिया, तो पति ने पत्नी को जूस पिलाने के बहाने घर से बाहर बुलाया और सुनसान सड़क पर ले जाकर चाकू से हमला कर उसका कान काट डाला। वहीं जोधपुर में दिवाली से पहले बहू को उसके पति और ससुर ने बीच सड़क पर बेरहमी से पीटा, बाल खींचे गए, घूंसे बरसाए गए और राह चलते लोग तमाशबीन बने रहे। इसी तरह अजमेर में देर रात शराब के नशे में धुत एक पति ने अपनी पत्नी को इस कदर पीटा कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या की रिपोर्ट खुद आरोपी के छोटे भाई ने दर्ज कराई। ये घटनाएं किसी एक जिले या वर्ग तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह बताती हैं कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के दावे आज भी कितने खोखले हैं। हम मंचों से महिला सशक्तिकरण की बातें करते हैं, योजनाओं के पोस्टर लगते हैं, भाषणों में नारी शक्ति की दुहाई दी जाती है, लेकिन सच्चाई यह है कि घर, जिसे सबसे सुरक्षित स्थान माना जाता है, वही कई महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित बन चुका है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार राजस्थान में हर चौथी विवाहित महिला किसी न किसी रूप में घरेलू हिंसा झेल रही है। यह हिंसा केवल शारीरिक नहीं, बल्कि भावनात्मक, मानसिक और यौन उत्पीड़न के रूप में भी सामने आती है। सर्वे में प्रदेश में 18 से 49 वर्ष की आयु की 26.3 प्रतिशत महिलाओं ने अपने पति या परिवार के अन्य पुरुष सदस्यों से हिंसा सहने की बात स्वीकार की है। रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान में पिछले पांच वर्ष में एक लाख से ज्यादा पीड़ित महिलाएं मदद के लिए महिला सुरक्षा



एवं सलाह केंद्र, वन स्टॉप सेंटर या थाने पहुंची हैं, जिनमें से सबसे ज्यादा जयपुर से हैं। घरेलू हिंसा के मामलों में भावनात्मक और मानसिक प्रताड़ना,यौन हिंसा के सबसे ज्यादा है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 में 18 से 49 वर्ष की विवाहित महिलाओं को शामिल किया गया था। घरेलू हिंसा के मामलों में कर्नाटक 48.4 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद बिहार 42.5 प्रतिशत के साथ दूसरे और मणिपुर 41.6 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। तेलंगाना में 40.4 प्रतिशत तथा तमिलनाडु में 39.7 प्रतिशत महिलाएं घरेलू हिंसा का शिकार पाई गईं।वहीं सबसे कम घरेलू हिंसा केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में दर्ज की गई, जहां यह आंकड़ा केवल 1.3 प्रतिशत है। इसके अलावा गोवा में 9.7 प्रतिशत, हिमाचल प्रदेश में 10.7 प्रतिशत और नागालैंड में 11.0 प्रतिशत महिलाएं घरेलू हिंसा से प्रभावित हैं। इन आंकड़ों के पीछे की सच्चाई और भी डरावनी है, क्योंकि अधिकतर महिलाएं कभी शिकायत दर्ज ही नहीं करातीं। सामाजिक बदनामी का डर, आर्थिक निर्भरता, बच्चों का भविष्य और घर टूट जाएगा जैसी सोच उन्हें चुप रहने पर मजबूर कर देती है। पितृसत्तात्मक समाज, जहां पुरुष को अधिकार और महिला को सहनशीलता का पाठ पढ़ाया जाता है, घरेलू हिंसा की सबसे बड़ी जड़ है। शिक्षा की कमी, बेरोजगारी, आर्थिक असमानता, नशे की लत, दहेज प्रथा और कानून की सीमित जानकारी इस आग में घी का काम करती है।पिछले कुछ वर्षों में राजस्थान में एक लाख से अधिक महिलाएं मदद के लिए थानों, महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्रों और वन-स्टॉप सेंटरों तक पहुंचीं। यह संख्या बताती है कि समस्या कितनी व्यापक है, लेकिन यह भी सच है कि इससे कहीं ज्यादा मामले कभी सामने ही नहीं आते। घरेलू हिंसा का असर केवल शरीर पर पड़े घावों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य को गहरे स्तर पर प्रभावित करता है। अवसाद, आत्मविश्वास की कमी, भय और अकेलापन उनके जीवन का स्थायी हिस्सा बन जाता है। सरकार ने घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 और मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2017 जैसे कानून बनाकर पीड़ित महिलाओं को सुरक्षा देने की कोशिश की है। वन-स्टॉप सेंटर जैसी योजनाएं भी शुरू की गई हैं, जहां कानूनी, चिकित्सीय और मनोवैज्ञानिक सहायता एक ही छत के नीचे मिल सके। पर कानून तभी कारगर होते हैं, जब समाज उन्हें स्वीकार करे और महिलाएं बिना डर अपनी बात रख सकें।घरेलू हिंसा की रोकथाम के लिए केवल महिलाओं को मजबूत बनाना पर्याप्त नहीं है। जरूरी है कि पुरुषों को भी समाधान का हिस्सा बनाया जाए। बचपन से ही लड़कों को समानता, संवेदनशीलता और सम्मान के संस्कार सिखाने होंगे। नशे पर नियंत्रण, महिलाओं की शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता, रोजगार के अवसर, त्वरित न्याय और परिवार में संवाद का माहौल इस समस्या को काफी हद तक कम कर सकता है। बेल बजाओ और लड़के रोते नहीं जैसे अभियानों ने यह साबित किया है कि सामाजिक जागरूकता से सोच बदली जा सकती है। जरूरत है ऐसे निरंतर, ईमानदार और जमीनी अभियानों की, जो हर घर तक यह संदेश पहुंचाएं कि हिंसा अपराध है, चाहे वह चारदीवारी के भीतर ही क्यों न हो। यदि हम सच में महिलाओं के खिलाफ हिंसा से मुक्त भारत बनाना चाहते हैं, तो अब चुप्पी तोड़नी होगी। हर खामोशी किसी न किसी महिला की चीख बनकर हमें शर्मिंदा करती रहेगी।

– देवेंद्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार

# रतनपुरा में धूमधाम से निकला नगर कीर्तन

## जयकारों से गूंजा वातावरण, भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगे श्रद्धालु

गदरपुर (उद संवाददाता)। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर ग्राम रतनपुरा में आयोजित नगर कीर्तन ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और





श्रद्धा के रंग में रंग दिया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर कीर्तन को श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया। पूर्व में श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा रतनपुरा में गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी को विशेष रूप से सजाया गया। पांच प्यारों की उपस्थिति में ग्रंथी सिंह द्वारा नगर कीर्तन की आरंभता की अरदास की गई और ष्बोले सो निहाल, सत श्री अकालष के जयकारों के साथ नगर कीर्तन की शुरुआत हुई। नगर कीर्तन में महिलाएं भी शब्द कीर्तन करते हुए भक्ति भाव से शामिल रहीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर बिलासपुर से आए भाई तारा सिंह और गतका अखाड़ा की टीम ने दर्शकों को शस्त्र विद्या का अद्भुत प्रदर्शन दिखाया। श्रद्धालुओं ने इस प्रदर्शन का स्वागत करते हुए 'सतनाम वाहेगुरु' के जाप से पूरे माहौल को आध्यात्मिक रंगों से भर दिया। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया और एक-दूसरे को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व और नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की भक्ति और उल्लास ने गांव के माहौल को विशेष रूप से जीवंत बना दिया। इस नगर कीर्तन ने न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक संदेश फैलाया, बल्कि नव वर्ष की खुशियों और भाईचारे की भावना को भी बढ़ावा दिया। स्थानीय प्रशासन और गुरुद्वारा समिति ने कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित बनाने के लिए विशेष व्यवस्था की थी, जिससे श्रद्धालु सुरक्षित और आनंदपूर्वक भाग ले सके।

# शिल्पी अरोड़ा को कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने पर दी बधाई

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा शिल्पी अरोड़ा को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इस



अवसर पर रुद्रपुर विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व महासचिव (आईटी) रामकृष्ण सैनी ने उन्हें बधाई दी। रामकृष्ण सैनी ने कहा कि यह निर्णय महिलाओं और संगठन दोनों को मजबूती देगा। उन्होंने शिल्पी अरोड़ा को कर्मठ, समर्पित और अनुभवी कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में महिला कांग्रेस जमीनी स्तर तक और प्रभावशाली बनेगी। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सहित संगठन के सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और सभी से एकजुट होकर पार्टी को सशक्त बनाने का आह्वान किया। रामकृष्ण सैनी ने आशा व्यक्त की कि शिल्पी अरोड़ा के नेतृत्व में महिला कांग्रेस को नई ऊर्जा और विस्तार मिलेगा।

# बुलेट बाइक और सोने की अंगूठी न देने पर विवाहिता को घर से निकाला

रुद्रपुर। थाना ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में दहेज की मांग और मारपीट से जुड़ा एक मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोल मइया, ट्रांजिट कैम्प निवासी राजवती पत्नी देवेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह ग्राम हरयारपुर पडरी, थाना हाथीगंज, जिला बरेली (उत्तर प्रदेश) निवासी देवेंद्र से हुआ था। विवाह के बाद से ही पति देवेंद्र, सास विमला देवी, ससुर कृपाल सिंह, जेठ रमेश, बाबू, प्रेम तथा जेठानियां रानी, रोशनी और पिंकी द्वारा उसके साथ मारपीट की जाती रही और लगातार दहेज की मांग की जाती रही। पीड़िता का आरोप है कि उसने इस उत्पीड़न की जानकारी अपने मायके पक्ष को दी, जिसके बाद मायके वालों ने ससुराल पक्ष को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपित नहीं माने। उल्टा उसे मारपीट कर यह कहकर मायके भेज दिया गया कि वे उसे अब अपने साथ नहीं रखेंगे। राजवती ने बताया कि वर्तमान में वह अपने मायके में रह रही है, लेकिन उसका पति फोन कॉल के जरिए उसे गंदी-गंदी गालियां देता है और उसे व उसके मायके वालों को जान से मारने की धमकी देता है। आरोप है कि विवाह के समय मायके वालों ने दहेज में स्प्लेंडर मोटरसाइकिल दी थी, लेकिन अब पति और ससुराल पक्ष बुलेट मोटरसाइकिल और एक तोला सोने की अंगूठी की मांग कर रहे हैं। मांग पूरी न होने पर उसे घर में न रखने की धमकी दी जा रही है।पीड़िता की तहरीर पर थाना ट्रांजिट कैम्प पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## पेज एक का शेष...

**'मजबूत इरादों' के साथ 'लक्ष्य' ......**बोर्ड का पाठ्यक्रम लागू करेंगे। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशन में वर्ष 2025 में राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था ने वह कर दिखाया, जो अक्सर दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों में असंभव माना जाता है। चारधाम यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की धड़कनों की निगरानी हो या मॉनसून की विभीषिका में फंसी जिंदगियों को बचाने की चुनौती मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में राज्य का स्वास्थ्य विभाग हर मोर्चे पर अग्रिम पंक्ति में खड़ा दिखा है । वर्ष 2025 में उत्तराखण्ड के स्वास्थ्य विभाग ने जो कार्य किया है, वह केवल प्रशासनिक सफलता नहीं, बल्कि मानवीय सेवा की मिसाल है। चारधाम यात्रा जैसे विशाल आयोजन और प्राकृतिक आपदाओं की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में स्वास्थ्य कर्मियों ने तत्परता, संवेदनशीलता और समर्पण के साथ लाखों श्रद्धालुओं व नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की आपदाओं के दौरान बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगों और क्रॉनिक पेशेंट्स के लिए 'वल्नरेबल केयर प्रोटोकॉल' लागू किया गया। बागेश्वर बाढ़ में 200 से अधिक हाई-रिस्क व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया और विशेष आइसोलेशन वार्ड में रखा गया। साथ ही, रेडियो, सोशल मीडिया और ग्राम सभाओं के माध्यम से प्रारंभिक चेतावनी संदेश और डिजास्टर रेडीनेस किट का वितरण किया गया, जिससे प्राथमिक उपचार की जानकारी घर-घर तक पहुंची। अब धामी सरकार ने 2026 में डिजिटल हेल्थ नेटवर्क, टेलीमेडिसिन, ड्रोन आधारित मॉनिटरिंग और एआई-आधारित आपदा पूर्वानुमान प्रणाली को और मजबूत कर उत्तराखण्ड को स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। कुल मिलाकर वर्ष 2025 मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड के लिए निर्णायक, उपलब्धियों से भरा और भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला वर्ष साबित हुआ। सशक्त प्रशासन, साहसिक निर्णयों, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकासोन्मुख दृष्टि के साथ धामी सरकार ने न केवल राज्य को नई दिशा दी, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड को एक सक्षम, आत्मनिर्भर और भरोसेमंद मॉडल राज्य के रूप में स्थापित करने की ओर ठोस कदम बढ़ाए।

**देवभूमि में देर रात तक...**पर कड़ी निगरानी रखी, जिससे नववर्ष का जश्न शांतिपूर्ण और सुरक्षित रहा। नैनीताल और जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में भी नववर्ष का उत्सव उमंगपूर्ण और रंगीन रहा। देश-विदेश से आए पर्यटकों ने शुद्ध और शांत वातावरण में प्रकृति की गोद में नववर्ष 2026 का स्वागत किया। सरकारी और निजी रिसॉर्ट्स गुलजार रहे और पर्यटकों ने जंगल सफारी, प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यजीवों के बीच नाच-गाना करते हुए नए साल का आनंद लिया। नैनीताल के बड़े होटल जैसे शेरवानी लॉज, विक्रम विंटेज, नैनी रिट्रीट और नमरू रेडिएशन में लाइव म्यूजिक, डीजे, कठपुतली नृत्य, कुमाऊँनी नृत्य, बलून डांस और बॉलीवुड गीतों पर पर्यटक देर रात तक झूमते नजर आए। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन की ओर से मॉल रोड पर भी संगीत और मनोरंजन की व्यवस्था की गई थी, जबकि ठंडी हवाओं से बचने के लिए गैस हीटर की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी। रामनगर में पर्यटकों ने जिम कॉर्बेट पार्क के प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यजीवों के बीच नववर्ष का आनंद लिया, वहीं डोईवाला में सड़कों पर रोशनी और सजावट ने नववर्ष के जश्न को और जीवंत बना दिया। प्रशासन और पुलिस ने यातायात और सुरक्षा व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा, जिससे पर्यटक और स्थानीय लोग दोनों सुरक्षित रूप से जश्न का आनंद ले सके। प्रदेशभर में नववर्ष का यह उत्सव न केवल उमंग और उल्लास का प्रतीक रहा, बल्कि पर्यटन और स्थानीय व्यापार के लिए भी लाभकारी साबित हुआ। रंगीन बाजार, पहाड़ी व्यंजन, लाइव म्यूजिक और पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था ने उत्तराखंड को नववर्ष 2026 के अवसर पर यादगार और आकर्षक बनाने में मदद की। इस तरह पहाड़ों में नया साल हर किसी के लिए उत्साह, आनंद और सुरक्षा के साथ शुरू हुआ।

**एसबीआई अधिकारी बनकर ......**से दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से 70 हजार और 60 हजार रुपये, कुल 1 लाख 30 हजार रुपये निकाल लिए गए हैं।घटना से आहत और परेशान पीड़िता ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई, जिसका एक्नॉलेजमेंट नंबर भी प्राप्त हुआ। इसके बाद उन्होंने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में तहरीर देकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा बैंक अधिकारी बनकर की गई ऑनलाइन धोखाधड़ी की जानकारी दी।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत कर लिया है। अधिकारियों के अनुसार साइबर ठग की पहचान के लिए तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है और पीड़िता की धनराशि वापस दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**रोडवेज में लगी आग.....**ने बताया कि घटना अचानक हुई। बस में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सभी यात्री सुरक्षित बाहर निकले और दमकल की गाड़ी आग बुझाने में जुटी रही, लेकिन बस पूरी तरह जल गई। यह घटना बस और सार्वजनिक परिवहन सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। स्थानीय प्रशासन ने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर कहा जा रहा है कि बस के इंजन में तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट से आग लगी हो सकती है। इस हादसे से पहले भी देहरादून में इस तरह की घटनाएँ हो चुकी हैं।

**सड़क हादसे में भाजपा नेता....**में सन्नाटा छा गया और नए साल की खुशियों के बीच अचानक मातम का माहौल बन गया। एसआई हेम सिंह डगरिया ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है और घायल युवकों का उपचार जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे की वजह तेज गति और सड़क पर नियंत्रण खो जाना बताया जा रहा है।

**बेकाबू थार पलटने से.....**लिए मोर्चरी भेज दिया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है और सड़क किनारे तेज गति से गाड़ी चलाने के कारण हादसा होने की संभावना जताई जा रही है। हादसे ने स्थानीय लोगों और परिजनों को शोक में डुबो दिया है। पुलिस और प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए इलाके में सड़क सुरक्षा को लेकर चेतावनी जारी की है।

# पूजा और जश्न के साथ किया नये का स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नववर्ष 2026 का स्वागत लोगों द्वारा धूमधाम से किया गया। जहां हजारों लोगों ने बुधवार की रात्रि नगर व आसपास के होटलों में परिवार सहित जश्न मनाकर नये साल का स्वागत किया तो वहीं दूसरी ओर आज हजारों की संख्या में लोग विभिन्न मंदिरों में पहुंचे जहां उन्होंने देवी देवताओं की विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपने परिवार सहित समस्त समाज व देश की सुख शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना की। सभी मंदिरों में आज प्रात: से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। मंदिरों में भी श्रद्धालु एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनायें देते रहे। वहीं बुधवार की रात्रि विभिन्न होटलों में नववर्ष के स्वागत से पूर्व गीत संगीत की धुनों पर लोग नाचते गाते रहे। परिवार के साथ आये बच्चों ने भी इस दौरान खूब मस्ती कर आनंद लिया। मध्य रात्रि 12 बजते ही सारे होटलों में खुशी का माहौल बन गया। सारे लोग नाचते गाते एक दूसरे को हैप्पी न्यू ईयर कहकर बधाईयां देने लगे। नगर में शांति एवं सुरक्षा बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष प्रबंध किये गये थे। जगह जगह ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी वाहनों मे सवार लोगों की चैकिंग करने में व्यस्त रहे।

# पत्रकार फणिन्द्र गुप्ता का निधन



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के वरिष्ठ पत्रकार ईश्वर कालोनी निवासी फणीन्द्र नाथ गुप्ता का आज प्रात: निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय अस्वस्थ थे। उनके निधन का समाचार मिलते ही पत्रकार जगत में शोक की लहर व्याप्त हो गई। तमाम पत्रकारों ने उनके आवास पहुंचकर उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं नगर के अनेक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी स्व. गुप्ता के आवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री की सोच से सशक्त हो रहा जन-जन की सरकार अभियान: कमिश्नर

नैनीताल। आयुक्त कुमाऊं मंडल/सचिव मुख्यमंत्री, दीपक रावत ने नव वर्ष 2026 के अवसर पर कुमाऊं मंडल सहित जनपद नैनीताल के समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं जनकल्याणकारी सोच के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा संचालित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक जनपद में आयोजित किए जा रहे बहुउद्देशीय शिविर आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सीधे पहुँच रहा है, जो सुशासन की मजबूत आधारशिला है। आयुक्त ने जनपदवासियों से अपील की कि वे इन बहुउद्देशीय शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें, शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें तथा अपने सुझाव एवं समस्याएं भी निर्भीक होकर प्रस्तुत करें, ताकि उनका समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि जनता से प्राप्त सुझाव शासन-प्रशासन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इन्हें नीतिगत निर्णयों में सम्मिलित किया जाता है। उन्होंने बताया कि इन शिविरों के माध्यम से मिशन एप्पल, मिशन कीवी सहित कृषि, उद्यान, स्वरोजगार, पशुपालन एवं आजीविका से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का लाभ भी पात्र लाभार्थियों को उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे किसानों एवं बागवानों की आय में वृद्धि हो रही है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।उन्होंने आगामी वर्ष 2026 के लिए तैयार किए जा रहे डिस्ट्रिक्ट प्लान एवं विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, पर्यटन, रोजगार सृजन एवं आधारभूत संरचना के विकास को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि जनपद का सर्वांगीण विकास संभव हो सके। अंत में आयुक्त ने जनपदवासियों के सहयोग की अपेक्षा करते हुए नव वर्ष 2026 को विकास, समृद्धि एवं जनकल्याण का वर्ष बनाए जाने की कामना की।

# अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना में 50 लाभार्थियों का लक्ष्य निर्धारित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं जिला प्रबंधक उत्तराखंड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम अमन अनिरुद्ध ने बताया कि प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में आजीविका सृजन के लिए 50 लाभार्थियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।उन्होंने जनपद के सभी सहायक समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने विकासखंड क्षेत्रों में संचालित परियोजनाओं के अंतर्गत पात्र और इच्छुक आवेदकों के ऋण आवेदन तैयार कर सभी औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए 30 जनवरी 2026 तक जिला समाज कल्याण कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि योजना के तहत भैंस, गाय, बकरी, सुअर और मुर्गी पालन, सिलाई-बुटीक, परचून दुकान, जनरल स्टोर, किराना, ब्यूटीशियन, फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी तथा अचार निर्माण जैसी गतिविधियों के लिए ऋण सुविधा दी जाएगी। इसमें 50 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है, जिसके अंतर्गत अधिकतम 50 हजार रुपये तक अनुदान दिया जाएगा तथा 50 हजार से दो लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत आवेदन करने के लिए आवेदक का उत्तराखंड का स्थायी निवासी होना आवश्यक है। साथ ही आवेदक अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित हो और उसकी आयु 18 से 55 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
पफोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# नववर्ष में विकास की नई रफ्तार पकड़ेगा यूएस नगर

## रिंग रोड, सेटेलाइट एम्स, मेडिकल कॉलेज के साथ रुद्रपुर नगर निगम के 40 वार्डों में करोड़ों के विकास कार्य, खेल और हवाई कनेक्टिविटी को मिलेगा विस्तार





रुद्रपुर। नववर्ष 2026 ऊधमसिंह नगर जनपद के लिए बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं के लिहाज से निर्णायक वर्ष साबित होने जा रहा है। स्वास्थ्य, परिवहन, खेल, शहरी विकास और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक साथ कई बड़ी योजनाएं धरातल पर उतरती दिखाई देंगी, जिनका सीधा लाभ आमजन को मिलेगा। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए निर्माणाधीन रिंग रोड परियोजना को मील का पत्थर माना जा रहा है। इसके चालू होते ही शहर के भीतर वाहनों का दबाव कम होगा और जाम की समस्या में उल्लेखनीय सुधार आएगा। विशेष रूप से बाजार क्षेत्रों और प्रमुख मार्गों पर यातायात अधिक सहज होगा। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में जिले को ऐतिहासिक उपलब्धि मिलने जा रही है। किच्छा क्षेत्र में लगभग 100 एकड़ भूमि पर 351 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा 280 बेड का सेटेलाइट एम्स नए वर्ष में अस्तित्व में आने की ओर अग्रसर है। वहीं जिला मुख्यालय में स्थापित मेडिकल कॉलेज में आगामी सत्र से विधिवत कक्षाएं शुरू करने की तैयारी चल रही है। मेडिकल कॉलेज परिसर में बना केयर ब्लॉक तैयार है, जिसे अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया जाएगा। शहरी विकास को नई गति देते हुए नगर निगम रुद्रपुर ने शहर के सभी 40 वार्डों में करोड़ों रुपये के विकास कार्य शुरू कर दिए हैं। नगर निगम के मेयर विकास शर्मा के अनुसार नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम को अलग-अलग जोनल में विभाजित किया गया है, जिससे कार्यों की निगरानी और क्रियान्वयन अधिक प्रभावी हो सके। आम जनता को त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जनरल वर्क्स को भी सक्रिय किया गया है, जिससे समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जा रहा है। मेयर ने बताया कि भविष्य में भी नागरिक सुविधाओं के विस्तार की योजनाएं तैयार की जा रही हैं। उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए हर संभव प्रयास शुरू है, जिसका परिणाम शीघ्र जनता के सामने होगा खेल सुविधाओं के विकास की दिशा में भी जिले ने बड़ी छलांग लगाई है। युवाओं की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से एक आधुनिक स्टेडियम तैयार किया जा चुका है, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा का मंच मिलेगा। भविष्य की कनेक्टिविटी को लेकर पंतनगर क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा जिले के विकास का नया द्वार खोलने वाला माना जा रहा है। इसके साकार होने से औद्योगिक, व्यापारिक और पर्यटन गतिविधियों को नई उड़ान मिलेगी। कुल मिलाकर नववर्ष 2026 ऊधमसिंह नगर के लिए विकास की नई इबारत लिखने वाला साबित होने जा रहा है, जहां योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचेगा और शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। इसके साथ ही रुद्रपुर में निर्माणाधीन अंतरराज्यीय बस अड्डे का कार्य तेजी से प्रगति पर है। इसके पूर्ण होने के बाद यात्रियों को बेहतर प्रतीक्षालय, सुव्यवस्थित प्लेटफॉर्म और आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगी। नए बस अड्डे से शहर की यातायात व्यवस्था और सुगम होगी तथा अंतरराज्यीय आवागमन को भी नई गति मिलेगी।



**जिले में आधारभूत विकास कार्य चल रहे हैं।जिले में बन रही रिंग रोड के चालू होने से शहर में वाहनों का दबाव कम होगा और जाम की समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगी। साथ ही सेटेलाइट एम्स और मेडिकल कॉलेज के शुरू होने से जनपद को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। यह सभी परियोजनाएं जिले के समग्र विकास को नई दिशा देंगी।**

**-शिव अरोरा, विधायक रुद्रपुर**



**नगर निगम शहर के विकास के लिए संकल्पित है। मेयर बनते ही नगर के विकास के लिए कई विकास कार्य धरातल पर उतरने शुरू हो गए हैं। अतिक्रमणकारियों से सरकारी भूमि को मुक्त कराया जा रहा है। बाजार और शहर को जाम से मुक्त करने के लिए रोज एक्सरसाइज की जा रही है।युवाओं को खेल प्रतिभा निखारने के लिए आधुनिक स्टेडियम तैयार है। बाजार क्षेत्रों को व्यवस्थित करने, पार्कों के सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधाओं के विस्तार से शहर का स्वरूप तेजी से बदल रहा है।**

**-विकास शर्मा, मेयर नगर निगम**



**ग्रामीण विकास और कनेक्टिविटी पर फोकस दिया जा रहा हैं। जिला पंचायत ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार काम कर रही है। सड़कों, पेयजल और अन्य योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। साथ ही पंतनगर में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा जिले के विकास और रोजगार के नए अवसर खोलेगा।**

**-अजय मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष**






# जमीनी विवाद में हुई हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रीत विहार, फाजलपुर महरौला में 28 दिसंबर को दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद के दौरान हुई फायरिंग में एक मजदूर कार्तिक की मौत हो गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने तत्काल पुलिस टीमों का गठन कर मैन्युअल गश्त, तकनीकी विश्लेषण और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गहन जांच करवाई। पुलिस कार्रवाई के दौरान 29 दिसंबर को मुख्य आरोपी जशनदीप पुत्र हरपाल सिंह, फाजलपुर महरौला से गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर उसके घर के बेडरूम से घटना में प्रयुक्त 315 बोर की लाइसेंसी राइफल बरामद हुई। अगले दिन, 30 दिसंबर को शमशेर सिंह पुत्र साहब सिंह, निवासी छतरपुर कॉलोनी, पंतनगर को डीपीएस स्कूल, बगवाड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर 315 बोर की अवैध राइफल और घटना में प्रयुक्त फॉर्च्यूनर कार बरामद की गई। फरार आरोपी तनवीर सिंह को विदेश भागने की सूचना मिलते ही पुलिस ने 29 दिसंबर की रात लुकआउट सर्कुलर जारी किया। आरोपी को दिल्ली एयरपोर्ट से डिटेन कर रूद्रपुर लाया गया और 31 दिसंबर को थाना परिसर में गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर किच्छा बाईपास रोड स्थित खेत से 32 बोर की अवैध पिस्टल बरामद हुई। इस प्रकार अब तक इस प्रकरण में कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बरामद हथियारों और कार के आधार पर एफआईआर संख्या 592/2025 में धारा 3, 25, 27, 30 आयुध अधिनियम और एफआईआर संख्या 593/2025 में धारा 3, 25, 27 आयुध अधिनियम बढ़ाई गई है। सभी अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है। अपराधी चाहे कितने भी प्रभावशाली क्यों न हों, उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तारी के बाद जशनदीप, शमशेर सिंह और तनवीर सिंह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है।

# अंकिता हत्याकाण्ड को लेकर कांग्रेस नेता संजय जुनेजा और अभिमन्यु ने कराया मुंडन

## अंकिता को न्याय देने और सीबीआई जांच की करी मांग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अंकिता हत्याकांड मामले की सीबीआई जांच कराने और अंकिता व उसके परिजनों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर बुध वार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय जुनेजा व पार्षद प्रत्याशी रहे अभिमन्यु साना ने समर्थकों के साथ खेड़ा स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में हवन किया और फिर इसके बाद अपने सिर का मुंडन कराया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अंकिता को न्याय दिलाने के लिए प्रदर्शन कर नारेबाजी की। संजय जुनेजा ने कहा कि अंकिता भंडारी पौड़ी जिले के यमकेश्वर स्थित वंनतरा रिसॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट थीं। 18 सितंबर 2022 को वह लापता हो गई थी। एक सप्ताह बाद अंकिता का शव चीला शक्ति नहर से बरामद हुआ था। इस मामले में तीन लोगों पर अंकिता के अपहरण और हत्या के आरोप में केस दर्ज है। कुछ दिन से इंटरनेट मीडिया में इस मामले में कुछ और लोगों के शामिल होने के आरोप की खबर वायरल हुई तो मामला तूल पकड़ गया है। अब देखना है कि जिस तरह विपक्ष मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग कर रहा है, सरकार क्या कदम उठाती है? इस पर लोगों की नजर है। उन्होंने कहा अंकिता सिर्फ पहाड़ की बेटी नहीं है, बल्कि देश की बेटी है और इसे हर हाल में न्याय मिलना चाहिए। संजय ने कहा यदि देवभूकि बेटी को न्याय दिलाने के लिए इस हद तक जाना पड़े तो लोकतंत्र का कोई अर्थ नहीं रह जाता है।इस दौरान संजय जुनेजा भावुक हो गए और उनकी आंखों से आंसू टपक पड़े। इस मौके पर परिमल राय, हरीश अरोरा, परवेजकुरैशी, मोहन खेड़ा, अर्जुन विश्वास, मोनिका ढाली, सौरभराज बेहड़, नाजिया, इंद्रजीत सिंह, उमा सरकार, विकास मल्लिक, कुंवरपाल कोली, विजय गुप्ता, प्रीति साना, राजेन्द्र मिश्रा, रंजीत तिवारी, आसित बाला, मोनिका ढाली, विजय यादव, दिनेश पंत, रामकिशन सैनी, निशांत शाही, तरुण नेगी, फरमान सिद्दीकी, रोहित चौहान आदि मौजूद थे।

